नामांक Roll No.

No. of Questions — 23
No. of Printed Pages — 3

SS—11–1—Pol. Sc. I (D & D)

उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2010

वैकल्पिक वर्ग I — कला (OPTIONAL GROUP I — Humanities)

राजनीति विज्ञान — प्रथम पत्र

(POLITICAL SCIENCE — First Paper)

समय : 4 $\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 60

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं । प्रश्न क्रमांक **22** व **23** में आंतरिक विकल्प हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।
5. प्रश्न क्रमांक **2** से **5** तक अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनके उत्तर प्रत्येक एक पंक्ति में दीजिए ।
6. प्रश्न क्रमांक 1 के चार भाग (i), (ii), (iii) तथा (iv) हैं । प्रत्येक भाग के उत्तर के चार विकल्प **अ, ब, स** और **द** हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

प्रश्न क्रमांक	सही उत्तर का क्रमाक्षर
1. (i)	
1. (ii)	
1. (iii)	
1. (iv)	

1. (i) कौटिल्य ने जिसे विधि का स्रोत बताया है, वह है

(अ) धर्म (ब) व्यवहार

(स) राज शासन (द) इनमें से सभी । $\frac{1}{2}$

(ii) स्वतंत्रता के संरक्षक तत्व के रूप में जिसे जाना जाता है, वह है

(अ) अशिक्षा (ब) आर्थिक असमानता

(स) विधि का शासन (द) आतंकवाद । $\frac{1}{2}$

(iii) 'दी माडर्न स्टेट' (The Modern State) रचना जिस लेखक की है, वे हैं

(अ) लास्की (ब) जे० एस० मिल

(स) आर० एम० मेकाइवर (द) हरबर्ट स्पेन्सर । $\frac{1}{2}$

(iv) गांधीवादी दर्शन निम्न में से जिस पर विचार करता है, वह है

(अ) मार्क्सवादी (ब) आध्यात्मिक

(स) लोक कल्याणकारी (द) इनमें से सभी । $\frac{1}{2}$

2. स्वतन्त्रता के **दो** पहलू कौन-से हैं ? 1

3. राजनीतिक समाजीकरण अवधारणा का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया ? 1

4. माता-पिता की सेवा करना अधिकारों की किस श्रेणी में आता है ? 1

5. "उदारवाद मध्ययुग का विवादास्पद शब्द है ।" यह किसने कहा ? 1

नोट : प्रश्न संख्या **6** से **11** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **30** शब्दों में दीजिए ।

6. संवैधानिक और साधारण कानून की परिभाषा लिखिए । 2

7. प्राकृतिक समानता का क्या अर्थ है ? 2

8. नागरिक संस्कृति से क्या तात्पर्य है ? 2

9. जीवन के अधिकार से आप क्या समझते हैं ? 2

10. मार्क्स का वर्ग संघर्ष सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिए । 2

11. गांधीजी का राजनीतिक विकेन्द्रीकरण से क्या तात्पर्य है ? 2

नोट : प्रश्न संख्या **12** से **21** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **100** शब्दों में दीजिए ।

12. दीवानी और फौजदारी कानून में क्या अंतर है ? उदाहरण सहित समझाइये । 3

13. स्वतन्त्रता के व्यक्तिवादी विचारधारा क्या है ? इसकी परिभाषा व आलोचना कीजिए । 3

14. समानता तथा न्याय में क्या सम्बन्ध है ? स्पष्ट कीजिए । 3

15. राजनीतिक समाजीकरण में गौण समूह और परिवार साधनों का महत्व बताइए । 3

16. राजनीतिक संस्कृति की अवधारणा का अपने शब्दों में मूल्यांकन कीजिए । 3

17. भारतीय संविधान के **तीन** कर्त्तव्य बताइए । 3

18. सम्पत्ति के अधिकार से क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट करें । 3

19. मानव जीवन में मूल अधिकारों के महत्व को स्पष्ट कीजिए । 3

20. फेबियन समाजवाद का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसके दो सिद्धान्त बताइए । 1 + 2

21. फासीवाद युद्ध को आवश्यक मानता है । विश्व शांति के प्रयास में यह विचार कितना घातक है ? इसकी आलोचना करते हुए कोई **तीन** बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए । 3

नोट : प्रश्न संख्या **22** एवं **23** के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **500** शब्दों से अधिक में न लिखें ।

22. राजनीतिक सहभागिता के बाधक तत्वों का वर्णन कीजिए । यह राजनीतिक व्यवस्था के लिए घातक क्यों है ? 6

अथवा

राजनीतिक समाजीकरण के नियामक तत्व बताइए ।

23. मार्क्स के इतिहास की आर्थिक या भौतिकवादी सिद्धान्त का संक्षेप में वर्णन कीजिए । 6

अथवा

गांधीवादी विचारधारा की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।